



# एक ही जगह बुलाए 100 से ज्यादा निगरानी बदमाश

## सीएसपी अरुण कुमार सोनी की मौजूदगी में दी सख्त समझाइश, त्योहारों और नववर्ष से पहले पुलिस ने दिखाई सख्ती

**छतरपुर, 27 दिसंबर. जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती शाम व्यापक कार्रवाई की.**

इस अभियान के तहत शहर के कोतवाली, सिविल लाइन और ओरछा रोड थाना क्षेत्रों से 100 से अधिक चिन्हित एवं सूचीबद्ध बदमाशों को बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता केंद्र पर तलब किया गया. कार्रवाई के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी की. उनके साथ सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, ओरछा रोड थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी और स्टाफ भी उपस्थित रहा. अधिकारियों ने बुलाए गए सभी बदमाशों को स्पष्ट और सख्त शब्दों में चेतावनी दी. पुलिस द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली गई. उनके सामाजिक व्यवहार, क्षेत्र में गतिविधियां और सोशल मीडिया पर सक्रियता की भी बारीकी से जांच की गई. साथ ही पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा कर यह परखा गया कि सूचीबद्ध होने के बाद किसी ने दोबारा कानून का उल्लंघन तो नहीं किया है.

> पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आगामी नए साल और अन्य धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के दौरान शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, दहशत फैलाने या कानून तोड़ने की कोशिश करने वालों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाएगी. नगर पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि सूचीबद्ध बदमाशों पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए.



# उप जेलर को पद से हटाकर केन्द्रीय जेल रीवा अटैच किया

- उप जेल अधीक्षक परमार को छतरपुर जेल का प्रभार
- हालिया घटनाओं पर जेल विभाग का सख्त रुख

**छतरपुर, 27 दिसंबर.** जिला जेल में हाल के दिनों में हुई दो गंभीर घटनाओं के बाद जेल विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. जेल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक नियंत्रण पर उठे सवालों के बीच महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं डॉ. वरुण कपूर ने अहम प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उप जेलर दिलीप सिंह को पद से हटा दिया है. जेल विभाग के आदेश के अनुसार दिलीप सिंह को तत्काल प्रभाव से केन्द्रीय जेल रीवा संबद्ध किया गया है. वहीं, केन्द्रीय जेल रीवा में पदस्थ उप जेल अधीक्षक योगेन्द्र परमार को छतरपुर जिला जेल का नया प्रभारी बनाया गया है. उन्हें जेल के आंतरिक प्रबंधन, बंदियों की सुरक्षा और समग्र व्यवस्था को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर 2025 को जिला जेल में बंद विचाराधीन कैदी लख्खू उर्फ महेश्वरीदीन ने एक अन्य दंडित कैदी हाकिम उर्फ अंतू पर पत्थर से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके कुछ दिन बाद 25 दिसंबर 2025 को दंडित बंदी शंकर प्रजापति ने जेल परिसर में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी.

## एक नजर में




### नियुक्ति पत्र प्रदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लवकुशनगर, 27 दिसंबर.** पुराने हायर सेकेण्डरी स्कूल बारीगढ़ परिसर में बंसकार समाज द्वारा महर्षि सुदर्शन समाजिक एकता सेवा संस्थान द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर गुरुवार को किया गया जिसमें समाज के लोगों द्वारा रैली निकाल कर पूरे बारीगढ़ नगर का भ्रमण किया गया है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप अहिरवार राज्य मंत्री (वन एवं पर्यावरण मंत्री) रहे उनके द्वारा बोला गया कि बच्चो को पढ़ाओ लिखाओ मुझसे जो मदद चाहिये मै मदद करुगा. कार्यक्रम के संयोजक हरदयाल बंसल सरपंच मढ़ा (जिला अध्यक्ष) द्वारा पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गयी वहीँ राज्य मंत्री के हाथों समाज के जिन बच्चो ने अच्छे अंको से परीक्षा पास की उन बच्चो को प्रस्सति पत्र देकर समानित किया गया साथ ही कार्यकम के दोरान बंशकार, बसोर, बरार, धानुक, बास, शिल्पकार सामाजिक संघ के सदस्यों को राज्य मंत्री दीलिप अहिरवार के हित सहित अन्य कार्यो में संगठन अपनी अहिम भूमिका निभायेगा.

### कुएं में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप



**छतरपुर, 27 दिसंबर.** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अरजरिया मार्ग स्थित एक कुएं में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. कुएं में उतराता हुआ शव देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान बधीयन मोहल्ला निवासी धीरज यादव के रूप में की गई. घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे. परिजनों ने दो लोगों पर धीरज यादव की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा. फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है.

### स्व.तनुजा के जन्मदिन पर बच्चों को खेल ड्रेस वितरित



**सीहोर.** जिला मुख्यालय के ग्राम महुआखेड़ी के शासकीय माध्यमिक शाला में जिला परियोजना समनव्यक एपीसी चन्द्रशेखर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं संकुल प्राचार्य सुभाष के आशीष शर्मा के विशेष अतिथ्य में ग्राम महुआखेड़ी तकीपुर निवासी प्रभात मालवीय, माता चन्दा मालवीय के द्वारा उनकी स्वर्गीय सुपुत्री तनुजा मालवीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला के 105 बच्चों को लोवर, टी-शर्ट एवं बिस्कुट का वितरण किया गया.इस अवसर पर डॉ. आरके वर्मा, मनोहर लाल वर्मा, कैलाश मालवीय, आर्यन, कोमल मालवीय, पीके शर्मा, केके झमटानी, राजेश तिवारी, सतीष त्यागी, गोवर्धन सिंह, सरिता ठाकुर, प्रार्थना गुप्ता, साक्षी पालीवाल एवं ग्रामीणजनों में राजेश परमार, कालुराम भारती, माखन सिंह, नर्बदी बाई, आरती, पारस बाई एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे.

### उठो, लक्ष्य को साधें हम का बच्चों ने लिया संकल्प

**सलकनपुर.** तंवर आदर्श शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था मालीबायां द्वारा संस्थापक दिवस मनाया गया. उठो, लक्ष्य को साधें हम के प्रेरक ध्येय वाक्य के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ बॉके सिंह तॅवर के जीवन परिचय को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए किया गया. इस मौके पर सामान्य ज्ञान, वाद-विवाद तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्रतिभागी विद्यार्थियों को उठो, लक्ष्य को साधें हम प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. अंत में प्राचार्य प्रतिज्ञ तॅवर ने आभार व्यक्त किया.

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**सीहोर.** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव की अध्यक्षता में किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यादव ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया. प्रतिपक्ष नेता विवेक राठौर ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह दृढ़ निश्चयी, साहसी व्यक्तित्व की मिसाल थे.

# जमा देने वाली ठंड से सिहर उठा शहर, पारा 4.8 डिग्री

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 दिसंबर.** उत्तर-भारत में हो रही बर्फबारी और 240 किमी की रफ्तार से चल रही जेट स्ट्रीम के कारण अंचल में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है. शनिवार को दिन और रात के तापमान एक-एक डिग्री की गिरावट हुई. ऐसे में अधिकतम तापमान 24.8 और न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. यह सीजन की दूसरी सबसे ठंडी रात है. इससे पहले न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री तक जा चुका है. शनिवार सुबह के समय घना कोहरा भी छाया रहा. ऐसे में दृश्यता 20 मीटर रही. मौसम विभाग का मानना है कि अभी कुछ दिन और तेज ठंड पड़ेगी. ऐसे में नए साल की शुरुआत भी तेज ठंड के बीच होगी. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इन दिनों उत्तर-भारत में बर्फबारी हो रही है. इसके साथ ही वर्तमान में जेट स्ट्रीम भी चल रही है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है. शनिवार को यह जमीन से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 240 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बही. जेट स्ट्रीम की रफ्तार रविवार को भी इतनी ही रफ्तार रहने का अनुमान है.

# ढाडरी गांव की पहाड़ी पर अवैध उत्खनन का आरोप

- एमकेसी कंपनी पर नियमों को नजरअंदाज करने का आरोप
- ग्रामीणों ने विरोध के बावजूद काम रखा जा रहा जारी

**छतरपुर, 27 दिसंबर.** छतरपुर तहसील के ग्राम ढाडरी में पहाड़ी क्षेत्र पर अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि एमकेसी कंपनी द्वारा बिना अनुमति और नियमों की अनदेखी करते हुए लगातार खनन कार्य किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी और आसपास के पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने अवैध उत्खनन का विरोध किया तो कंपनी के लोग उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुए और खनन कार्य जारी रखा गया. इससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई है. ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी पर हो रहे उत्खनन से न केवल प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि गांव की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है. इस विरोध में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अशोक प्रजापति भी ग्रामीणों के साथ शामिल हुए. उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.



> ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. वहीं, मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से हस्तक्षेप की अपेक्षा की जा रही है, ताकि क्षेत्र में शांति और पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में गंदगी

**चंदला, 27 दिसंबर. शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में स्वच्छता अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है.**

आईटीआई कॉलेज में बाथरूम में गंदगी पड़ी हुई है. भाजपा सरकार लगातार स्वच्छता अभियान चला रही है, लेकिन इस संस्था में कोई साफ-सफाई नहीं हो रही है, बदबू के कारण अंदर जाना मुश्किल हो रहा है. आए दिन बीमारियां बढ़ रही है. छात्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि बाथरूम की साफ सफाई महीनों नहीं की जाती है. शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रभारी डीपी लखेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सफाई वाला हफ्ते में 2 दिन आता है, उसको सैलरी कम मिलती है जिससे सफाई सही से नहीं हो पा रही है. यहां छात्र गुटखा तंबाकू खाते है जिससे गंदगी फैलती है, सफाई कर्मी परमानेंट पदस्थ नहीं है, जिससे हम स्वीकारते है कि बाथरूम में गंदगी है, बदबू आ रही है. हमने विभाग को लिखित में दे चुके है, कार्यवाही जारी है, जब परमानेंट भर्ती सफाई कर्मी हो जाएगा तो सुधार हो जाएगा.



### सीहोर बाइज ने चिल्ड्रन को 2-0 से हराया

**सीहोर.** चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को 2 मैच खेले गए. पहला मैच सीहोर बाइज विरोध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर बाइज 2-0 से विजय रही. इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध सीहोर रेड के मध्य खेला गया.

# महामना एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में इंजीनियर के साथ चोरी

- कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से मिली स्थानीय सहायता

**छतरपुर 27 दिसंबर. पंजाब के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर मोहित महाजन के साथ महामना एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में चोरी की घटना सामने आई है.**

यह घटना भोपाल से खजुराहो की यात्रा के दौरान टीकमगढ़ और छतरपुर रेलवे स्टेशन के बीच हुई. पीड़ित ने इस संबंध में छतरपुर जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है. मोहित महाजन केरल के कोल्लम से खजुराहो घूमने आ रहे थे. भोपाल से उन्होंने महामना एक्सप्रेस पकड़ी और फर्स्ट एसी कोच ष्ट1 में यात्रा कर रहे थे. इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका बैग चुरा लिया, जिसमें कपड़े और जरूरी सामान रखा हुआ था. चोरी के बाद मोहित पूरी तरह असहाय हो गए, क्योंकि उनके पास न तो सामान बचा था और न ही तत्काल पैसे की व्यवस्था हो पाई.चूंकि उनका बैंक अकाउंट दूसरे राज्य का था, इसलिए उन्हें शुरुआती मदद मिलने में कठिनाई हुई. बाद में उन्होंने कलेक्टर कार्यालय से संपर्क किया, जहां से एक स्थानीय ग्राम समिति ने उनके ठहरने, भोजन और वापस जाने के टिकट की व्यवस्था की.



मीडिया से बातचीत में मोहित महाजन ने रेलवे प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि जब यात्री फर्स्ट एसी जैसे महंगे कोच में सफर करता है, तब भी यदि चोरी जैसी घटनाएं हो रही हैं, तो यह बेहद चिंताजनक है. उन्होंने ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे और बेहतर निगरानी की मांग की.

**बुंदेलखंड की छवि पर पड़ा असर:** ऐसी घटनाएं न केवल यात्रियों को असुरक्षित महसूस कराती हैं, बल्कि पर्यटन क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध बुंदेलखंड की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं. खजुराहो जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल की ओर आने वाले यात्रियों के साथ यदि इस प्रकार की घटनाएं होंगी, तो इससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था व व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है. यात्रियों को सुरक्षित माहौल देना रेलवे और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी बनती है.

### अश्लील हरकत करने वाले पर पॉक्सो एक्ट

**सीहोर.** कोचिंग जाने वाली छात्राओं के सामने गंदे इशारे करना आरोपी को उस वक्त महंगा पड़ गया जब वहां से गुजर रहे लोगों ने उसकी जमकर पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले जमशेदनगर निवासी 27 वर्षीय शोएब आ. कमर अली शनिवार की सुबह शुगर फैक्ट्री रोड़ से कोचिंग जा रही छात्राओं को देखकर अश्लील इशारे व हरकतें कर रहा था. इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे रोका तो वह उनसे लड़ने लगा. तभी इसकी भनक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को लग गई और वह मौके पर पहुंचे. युवक की गंदी हरकतों से आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की.

# जेसीबी पर चढ़े पूर्व हिउस अध्यक्ष गिरफ्तार

## शांति व्यवस्था भंग करने का आरोप, दो लोगों को भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 दिसंबर. बीते रविवार को आष्टा में करणी सेना और वर्ग विशेष के बीच हुआ विवाद अभी थमा नहीं है कि शनिवार को हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष कालू भट्ट अपने एक साथी के साथ जेसीबी पर चढ़कर वीडियो बनाने लगे कि अगर पथराव करने वालों के मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं हुई तो वह खुद जेसीबी की मदद से तोड़फोड़ करेंगे. पुलिस ने उन दोनों को तुरंत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया है.**

तहसील मुख्यालय आष्टा में गत 21 दिसंबर की रात करणी सेना कार्यकर्ता और समुदाय विशेष वर्ग के बीच कहासुनी के बाद हुई पत्थरबाजी व वाहनों में तोड़फोड़ का मामला अभी शांत नहीं हुआ है. शनिवार को हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष भविष्य उर्फ कालू भट्ट और अंकुश ठाकुर नामक युवक को जेसीबी के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर लाइव चलाने का प्रयास कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों को सीहोर जेल भेज दिया.

हिउस के पूर्व अध्यक्ष कालू भट्ट और अंकुश ठाकुर जेसीबी लेकर भोपाल नाका पहुंचे थे.वह जेसीबी मशीन के साथ वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया फेसबुक पर लाइव चलाने का प्रयास कर रहे थे. वीडियो में वह कहते पाए गए कि यदि प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई नहीं करता है तो स्वयं जेसीबी से पत्थरबाजों के घरों में तोड़फोड़ करेंगे. वीडियो का पता चलते ही पुलिस हरकरत में आई. पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में कालू भट्ट और उनके साथी को गिरफ्तार कर लिया. इस दौरान पुलिस पर भोपाल के एक चैनल के संवाददाता व कैमरामेन के साथ हाथापाई, मारपीट और कैमरा छिनने के आरोप लगे हैं. संवाददाता और कैमरामेन कवरेज रहे थे, उसी दौरान पुलिसकर्मी उन्हेंथाने ले गए, हालांकि बाद में दोनों को छोड़ दिया गया. आरोप है कि संवाददाता शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर रहे थे.

> नगर में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कालू भट्ट और अंकुश ठाकुर नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया है. सुरक्षा की दृष्टि से नगर में पुलिस बल तैनात हैं और सभी को शांति बनाए रखने का कहा जा रहा है.
> **आकाश अमलकर,**
> एसडीओपी आष्टा

### प्रमुख पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष बने राठौर

**सीहोर.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एचपी उरमलिया एवं एलएन कैलाशिया की सहमति से प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के द्वारा सुन्दरलाल राठौर को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनित किया है. उनसे अपेक्षा है कि वह जिला शाखा सीहोर के पेंशनर्स को संगठित करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे.

**कार्यकर्ता सम्मेलन** भाजपा विधायक सुदेश राय ने कार्यकर्ताओं को किया आश्वस्त

# भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोपरि, उनके सम्मान पर नहीं आने देंगे आंच

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 दिसंबर.** कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के हर गांव पंचायत नगर शहर में हुए अरबों रूपये के निर्माण कार्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी.

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी. योजनाओं को जनजन तक पहुंचाकर लाभ दिलाने के लिए भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। विधायक राय ने कार्यकर्ताओं को भाजपा में सर्वोपरि बताते हुए हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया. भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को क्रिसेट ग्रीन सभागार में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय एवं मुख्य वक्ता देवास जिला प्रभारी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रघुनाथ भाटी रहे. कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, जिला महामंत्री रवि नागले, भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया. जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया. भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, देवीपुरा मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर द्वारा फूल मालाऐं पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया. विधायक राय ने कहा कि शहर में 28 करोड़ की लागत से और भी विकास कार्य होंगे. फिर से काम जोरदार और शानदार किया जाएगा. यह काम शहर में भी होगा और गांवों में भी होगा; यह आपके हित और विकास के लिए होगा. अब सड़कों का जाल बन गया है, चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र,अब यहां ऐसी कोई सड़क नहीं बची है जो फोरलेन नहीं हो.



### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण प्रारंभ

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं युवाओं को डिजिटल रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स विषय पर एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है. प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने डिजिटल युग में कंप्यूटर की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गणेश लाल जैन ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं प्रतियोगी ज्ञान में कंप्यूटर की उपयोगिता पर बल दिया.